# शहनाई वादन व गणेश पूजन के साथ हुआ भोजन थाली मेले का शुभारंभ



भोजन थाली परिक्रमा मेला महोत्सव का लाल दरवाजा कामां पर बैंड बाजों के साथ गणेश पूजन कर मेले का शुभारंभ किया गया।

**कामां ( निस )।** भोजन थाली परिक्रमा मेला महोत्सव का लाल दरवाजा कामां पर बैंड बाजों के साथ गणेश पूजन कर मेले का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद कोट ऊपर कामसेन स्टेडियम पर वैदिक मंत्रों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष गीता देवी खंडेलवाल एवं नगर पालिका के पार्षदों ने ध्वज की पूजा अर्चना की। जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने ध्वजारोहण करके कामवन के ऐतिहासिक एवं प्राचीन मेला भोजन थाली परिक्रमा मेला महोत्सव का शुभारंभ किया।

उल्लेखनीय है कि ध्वजारोहण के समय एक अजीब नजारा देखने को मिला जब नगर पालिका के 35 पार्षदों में से महज 10 पार्षद ही मंच पर मौजूद थे जिसे लेकर कस्बे वासियों में कार्यक्रम के ईद गिर्द यह चर्चा सुनने को मिल रही थी एक दिन पूर्व नगर पालिका से एकत्रित होकर प्रशासन द्वारा कुश्ती दंगल की स्वीकृति प्रदान नही किए जाने को लेकर सर्वसम्मति से नगर पालिका में पार्षदों का एक प्रस्ताव तैयार कर इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि यदी ऐतिहासिक भोजन थाली कुश्ती दंगल की स्वीकृति नही मिलती हैं तो हम पार्षदगण अपने पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद बुजुर्ग साहवानो की ओर से यह बात सुनने को मिल रही थी की ष्भैया नगर पालिका अध्यक्ष इस्तीफा क्यों देंगी वो तो पहले ही मना कर चुकी है,, क्यों कि वो लाल दरवाजे पर बैठे पार्षदों के साथ धरने में शामिल तो नहीं हो सकी, इस्तीफा क्यों देंगी, आप सभी पार्षदों का इस्तीफा कब होगा जिसे लेकर उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद पार्षदें एक दुसरे की बंगले झांकते देखें गए, कुछ पार्षद तो यह कहते सुने गए भैया जैसे तैसे तो हम चुनाव जितकर आए कम तो कम हमारा कार्यकाल तो पूरा हो जाने दो।।

वही दूसरी ओर विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो कामां नगर पालिका में चल रही आपसी गुटबाजी की नूरा कुश्ती को लेकर स्वायत्त शासन विभाग जयपुर गंभीर चल रहा था, डीएलबी की मानें तो यदी पार्षदगण इस्तीफा देते तो डीएलबी उसे तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लेती है।

वही दूसरी ओर कुश्ती दंगल की स्वीकृति को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में व पंचायत समिति के सरपंच प्रतिनिधियों ने भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश शर्मा से मुलाकात कर कुश्ती दंगल की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की, विश्वस सूत्र बताते हैं कि भोजन थाली मेले के आखरी समापन तक यदि स्वीकृति प्रदान की जातीं हैं तो नगर पालिका मंडल आखिरी समय तक कुश्ती दंगल करा सकता है। कस्बे में यह चर्चा जोर शोर से सुनने को मिल रही है की ष् ना नो मन तेल होगा,ना राधा नाचेंगी, क्यों की राजनीति की भेंट चढ़ा कुश्ती दंगल की स्वीकृति किसी भी किमत पर प्रशासन नहीं देगा ऐसी चर्चाएं राजनीतिक क्षेत्रों व चौराहे पर सुनने को मिल रही है।

इस अवसर पर संचालन करते हुए डॉ भगवान मकरंद ने भोजन थाली मेला महोत्सव का धार्मिक महत्व बताते हुए इसके पौराणिक सन्दर्भ प्रस्तुत किए। उद्घाटन समारोह में स्टार बैंड, न्यू ताज बैंड, एवन बैंड, शौकीन बैंड, मोहन बैंड, ढोल एवं राया के शहनाई कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक संगीत की धुनो पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।

इसके बाद गोपीनाथ जी मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा कामवन के मुख्य मार्गों में से होकर निकाली गई । जिसमें गोपीनाथ जी की भव्य झांकी और राधा वल्लभ जी की झांकी के अलावा श्री गणेश जी, श्री बिहारी जी, श्री खाटू श्याम जी, सेवाकुंज, जगन्नाथ जी एवं माखन चोरी की सुंदर झांकियां शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थी।

## लायंस क्लब हिंडौन सेन्ट्रल ने मनाया शिक्षक सम्मान समारोह

**हिण्डौन सिटी ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया गया। क्लब सलाहकार लायन ओपी मंगल ने बताया की लायंस क्लब हिंडौन सेन्ट्रल द्वारा विद्यालय के 17 गुरुजनों को सम्मानित किया गया! सम्मानित शिक्षकों को साफा बांधकर दुपट्टा ओढ़ाकर श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष अनिल बंसल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह मे खरैटा सरपंच भूदेव डागुर मुख्य अतिथि के रुप में एवं पूर्व अध्यक्ष सुशील जैन , बृजेन्द्र धाकड़ उपस्थित रहे! अध्यक्ष अनिल बंसल द्वारा बाढ़ के समय भूदेव डांगुर द्वारा हिंडौन सिटी में किये गये सराहनीय सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए आभार जताया गया। मुख्य अतिथि भूदेव डागुर ने कहा कि वो अपनी क्षमता के अनुसार पूरी उम्र अपनी सेवाएं देते रहेंगे! बालिकाओं द्वारा शिक्षक दिवस की महिमा पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय उप प्रधानाचार्य मुंशीलाल मीना द्वारा क्लब के सभी सदस्यों का आभार एवं स्वागत करते हुए शिक्षकों का सम्मान करने के लिय धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मदनमोहन मीना द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



**डीग** (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव बेढम एवं जलालपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। राज्य मंत्री ने बताया कि विशेष रूप से ग्रामीण, दूरदराज क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि डीग जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। एक मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए एक उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं को विशेष रूप से मजबूत बनाने के लिए की जा रही पहलों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यह केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, विशेष रूप से ग्रामीण समुदाय को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से खोले गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से बल देते हुए कहा कि नवीन स्वास्थ्य केंद्रों में अच्छे चिकित्सक, दवाई, मेडिकल स्टाफ इत्यादि व्यस्थाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित हितधारकों से अपील की की वे स्वास्थ्य केंद्र के लिए जितना भी योगदान संभव हो वो मुहैया करवाए।

### गणपति मंदिर में मेला आज

**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को श्री गणेश मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर ईदगाह मोड स्थित गणेश मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष हरगोविन्द कटारिया ने बताया कि इस दौरान मंदिर में विराजित गणपति महाराज का पंचामृत करा कर विशेष श्रृंगार कराया जायेगा। इसके बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई जायेगी। मेले की तैयारी गणेश मंदिर समिति ने जोरों शोरो से शुरू कर दी है। मेला मैदान में दुकानों के लिए निशुल्क जगह दी जावेगी एवं पानी रोशनी सफाई का पूर्ण प्रबंध होगा। इस मेले के आयोजन में श्री श्याम सलोना भक्त मंडल गंगापुर सिटी का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा तथा श्री गणेश सेवा के कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का भी पूरा सहयोग रहेगा। मंदिर अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया एवं मेला संयोजक विश्वनाथ गोयल ने शहर सहित आसपास के लोगो से गणेश मंदिर में आयोजित मेले में सपरिवार पधारकर गणपति का आर्शीवाद लेने की अपील की है।

### अभियान के तहत सदस्य बनाए

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी के महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के तहत शास्त्री पार्क भरतपुर में वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी के टोल फ्री नम्बर 8800002024 पर मिस्ट कॉल देकर आये लिंक में पूरा विवरण भरकर सदस्य बनाए गए। सभी वरिष्ठ नागरिकों में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्र निर्माण की विचारधारा से प्रभावित होकर सदस्य बनाने के लिए काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरधारी लाल गुप्ता ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति, विचारधारा के बारे में बताया। शास्त्री पार्क में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्र निर्माण व जन कल्याणक के विचार के साथ जुडकर व भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी देशहित में देश के विकास को लेकर कटिबद्ध है। देश व राज्य की सरकार युवा किसान दलित व महिलाओं के भविष्य को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है।

### 10 कट्टे मामा गुटका चोरी

**कामां** (निस)। चार की धाम की यात्रा पर गए कस्बें के व्यापारी के गौदाम से अज्ञात चोरो ने बीती रात को शटर तोडकर करीब 1 लाख 5 हजार रूपए के मामा गुटखा के 10 कटटा चोरी कर ले गए। चोरी होने की सूचना पडोसी गौदाम मालिक ने फोन से दुकान मालिक को दी। जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए अज्ञात चोरो की तलाश शुरू कर दी है। कामां थाने के एएसआई जयसिंह ने बताया कि कस्बें के मदन मोहन जी मंदिर के पास मोड पर कस्बां निवासी घनश्याम गर्ग के मामा गुटखा के गोदाम की दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 1 लाख 5 हजार रूपए कीमत का मामा गुटका व जर्दा चोरी कर ले गए घटना की जानकारी मिलने पर कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी। गोदाम मालिक घनश्याम गर्ग चार धाम यात्रा पर गया हुआ है। पीछे से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है घनश्याम गर्ग ने बताया कि 10 कट्टे मामा व जर्दा गुटके चोरी किए गए हैं।

### प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**करौली**(नि.स.)। करौली जिले की समस्त महिला क्रिकेट खिलाड़ी जो इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हैं इसके लिए करौली जिले की महिला क्रिकेट टीम का चयन किया जाना है।

# ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

**सपोटरा/करौली/गंगापुर सिटी,** (नि.सं.)। समीपवर्ती गांव निमोदा स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक के सहारे सहारे पैदल रणथम्भोर के लिए जा रहे तीन पदयात्रियों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

मृतक गंगापुर से रणथंभौर पदयात्रा पर जा रहे थे। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव के कारण तीनों रेलवे ट्रैक से होकर जा रहे थे। नारौली डांग पुलिस चैकी प्रभारी अबजीत कुमार ने बताया कि श्याम (14) पुत्र गुड्डू उर्फ दीपक, कालू उर्फ दर्शन (41) पुत्र रमेश, तरुण (31) पुत्र रमेश निवासी हरिजन बस्ती गंगापुर सिटी रणथंभौर में त्रिनेत्र गणेश भगवान की पदयात्रा पर जा रहे थे। इस दौरान सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर जलभराव के चलते रेलवे ट्रैक से होकर रणथंभौर के लिए जा रहे थे। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे नीमोदा स्टेशन के पास ट्रैक से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लोको पायलट ने नीमोदा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी नारौली पुलिस को दी। सूचना पर नारौली डांग पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के क्षत-विक्षत शवों को लेकर सपोटरा अस्पताल की मॉर्चूरी में रखवाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि तीनों कि पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यम से प्रयास किए। तीनों की पहचान होने के बाद उनके परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार प्रातः मृतकों के परिजनों के सपोटरा पहुंचने पर उनकी पहचान गंगापुर हरिजन बस्ती निवासी श्याम, तरुण और कालू के रूप में हुई।

# एक वार्ड में कांग्रेस तो दूसरे वार्ड में निर्दलीय ने बाजी मारी



नव निर्वाचित पार्षदो को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौपते रिर्टनिंग अधिकारी अनूप सिंह।

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद गंगापुर सिटी के दो रिक्त वार्डों में पार्षद पद के लिए हुए उप चुनाव में एक में कांग्रेस तो एक वार्ड में निर्दलिय प्रत्याशी ने बाजी मारी है, जबकि देश व प्रदेश में शासन करने वाली भाजपा को निराशा हाथ आई है। गौरतलब है कि वार्ड 8 व 29 में गुरुवार को मतदान सम्पन्न हुआ था। वार्ड 8 में कांग्रेस प्रत्याशी जरीना बानो ने 408 मतों से जीत दर्ज की। कुल मतदान13०4 में से जरीना को 705, निकटतम प्रत्याशी भाजपा की गुड्डी बाई को 297 तथा तीसरी प्रत्याशी निर्दलीय मंजू माली को 295 मत ही प्राप्त हुए। इस वार्ड में 7 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प भी चुना। इसी प्रकार वार्ड 29 से निर्दलीय बलवीर सोनी ने 124 मतों के अंतर से भाजपा के हीरा टेकवानी को पराजित किया। बलवीर सोनी को 402 तथा हीरा टेकवानी को 278 जबकि कांगे स के रामकिशन 196 मत हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। शुक्रवार सुबह 9 बजे पंचायत समिति सभागार में मतगणना शुरू हुई। इस दौरान पंचायत समिति के पास सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। पहला परिणाम वार्ड 8 से कांगे स प्रत्याशी जरीना के पक्ष में आया तो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की।

इसी प्रकार चुनाव में निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले बलवीर सोनी के समर्थकों ने खुशी का इजहार किया। समर्थकों ने नव निर्वाचित पार्षदों का माला व साफा पहना कर स्वागत किया। मतगणना पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनूप सिंह ने विजेता उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा तथा शपथ ग्रहण कराई।

## दस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**नदबई ( निस )।** जिला निर्वाचन समिति अध्यक्ष हरीश कटारा की उपस्थिति में स्कूल शिक्षा परिवार संघ की कार्यकारिणी का गठन करते हुए भरतपुर जिले के दस ब्लॉंक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिला निर्वाचन समिति अध्यक्ष ने रामबाबू देशवाल को नदबई ब्लॉंक अध्यक्ष नियुक्त होने के बारे में बताते हुए गंगासहाय शर्मा को लखनपुर, झब्बूराम को झील, बलवीर सिंह आर्य को उच्चैन, मनोज कुमार लोधा को रुदावाल, विजय प्रताप सिसोदिया रूपवास, नीरज कुमार सारास्वत को बयाना, मुकेश कटारा को वैर, हुकुम सिंह को हलैना व हुकुम सिंह को हलैना ब्लॉंक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया

**भरतपुर ( निस )।** लायंस इंटरनैशनल रीजन 15 के सभी 8 क्लबों लायंस क्लब भरतपुर, डायमंड, कोहिनूर, बृज, सेंचुरी, रॉयल, फ्रेंड्स एवं क्राउन ने एक संयुक्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक विनोद सिंघल ने बताया कि समारोह का शुभारम्भ हरि चैतन्य पुरी महाराज पीठाधीश्वर कामां पीठ, कार्यक्रम अध्यक्ष रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार, विशिष्ठ अतिथि रामकुमार गुप्ता, जोन चेयरमैन जनक बाबू शर्मा, रवि सिंघल एवं सुधीर सिंघल, क्लबों के अध्यक्ष लक्ष्मण पाठक, सुरेश सुनार, विजय सिंह, रंजना तिवारी, सतीश मित्तल, अनिल अग्रवाल, मंजू गुप्ता एवं रेणुदीप गौर, कार्य समिति सदस्य प्रेमपाल सिंह, श्रीनाथ शर्मा एडवोकेट, मोहन लाल माहेश्वरी, राकेश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा आर्य पब्लिक स्कूल की छात्रा भूमि ने गणेश वन्दना करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रवीन फौजदार ने की तथा विशिष्ठ अतिथि पीएमजेएफ रामकुमार गुप्ता बृज हनी वाले थे। कार्यक्रम संचालक राकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में हरि चैतन्य पुरी महाराज ने अपने ओजस्वी, देश भक्ति से ओत प्रोत, एवम शिक्षकों का देश के प्रति योगदान के परिपूर्ण उदबोधन से सभी में ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपने अतुलनीय योगदान के लिए 105 शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिन्हे माला, शॉल, नारियल, बृज हनी एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मनित होने वाले शिक्षकों में मुख्यत जे पी अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, सुमन अग्रवाल, मुन्नी देवी, डा लाला शंकर गयावाल, डा रविन्द्र शर्मा, डा गरिमा जैन, डा भावना कवर, रेखा गर्ग, वीरेन्द्र विष्ट, डा योगेंद्र भानु, डा रंजना तिवारी, डा संतोष गुप्ता, डा राजेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, राहुल सक्सेना, संगीता शर्मा, राजेश लव, राजेश लवानिया, रंजना शर्मा, रविंद्र मोहन, मिंशू कुमारी, अनिल गुप्ता, सुनीता सिंघल, प्रभा गुप्ता , महेन्द्र सिंह, योगेश शर्मा, क्षमा गर्ग, पूनम मित्तल, सुनील गुप्ता, डा अल्का गोयल, मृदुला गोड, जयंती शर्मा, संदेश बाला, चेतना गोस्वामी, रविन्द्र कुंतल, नेहा भारतीय, अल्का गुप्ता, सुषमा गुप्ता एवम अन्य शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश गुप्ता एवम डा अशोक गुप्ता ने किया तथा आभार विनोद सिंघल ने किया।

## सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** जिला खण्डेलवाल वैश्य महासमिति भरतपुर की ओर से शुक्रवार को वरिष्ठ व स्वतंत्र पत्रकार राजेश खण्डेलवाल का सम्मान किया गया। उनका यह सम्मान देश का प्रतिष्ठित लाडली मीडिया अवार्ड 2024 मिलने के उपलक्ष्य में किया गया। महासमिति के पूर्व जिलाध्यक्ष नैमचंद खण्डेलवाल ने बताया कि महासमिति के जिलाध्यक्ष सुरेश माठा के नेतृत्व में महासमिति के जिला महामंत्री संदीप गांधी, खण्डेलवाल ने पत्रकार राजेश खण्डेलवाल का फूलमाला मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

## दुष्यंत शर्मा को मिला प्रिंसिपल अवार्ड

**हिण्डौन सिटी ।** इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की ओर से शहर के मोहन नगर निवासी एवं निर्मल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कार्यरत प्रधानाचार्य दुष्यंत शर्मा को शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला स्तरीय बैस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया ।जानकारी के अनुसार शिक्षक दुष्यंत शर्मा वर्ष 2021 से निर्मल इंग्लिश मीडियम में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं।दुष्यंत शर्मा ने बताया कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करते हुए कई विद्यालयों में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा एलएनटी कंपनी के सहयोग से आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।

# भरतपुर टीम का प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश



भरतपुर अंडर-16 के खिलाड़ी।

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित की जा रही राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भरतपुर की अंडर-16 टीम ने डूंगरपुर की टीम को 9 विकेट से हराते हुए बड़ी जीत हासिल की है एवं राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि जयपुर के अरावली क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में भरतपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवर के मैच मे डूंगरपुर की पूरी टीम 30 ओवर में मात्र 97 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई। भरतपुर की तरफ से आशीष प्रजापत ने घातक गेंदबजी करते हुए 9 ओवर मे 24 रन देकर 3 विकेट लिए इसके अलावा राज वाल्मीकि ने 2 विकेट व हिमांशु सोगरवाल व दक्ष शर्मा और कुश सोलंकी ने एक-एक विकेट लिया भरतपुर की टीम ने इन 97 रनों का पीछा करते हुए अपना एक विकेट गवा दिया था बाद में भरतपुर की टीम ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। मैच का मैन ऑफ दा मैच आशीष प्रजापत को घोषित किया गया। भरतपुर की टीम अब राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में बीकानेर की टीम से 8 और 9 सितंबर को जयपुर के अरावली क्रिकेट मैदान पर दो दिवसीय मैच खेलेगी। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह, सचिव शत्रुघन तिवारी, अमित शर्मा, विकास यादव, देवेंद्र सिंह कालू अमरदीप कुमार, अकरम ख़ान मनीष थानवी आदि खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए टीम साथ में जयपुर में मौजूद रहे। इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया एवं अजय कुमार कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी, मनोज कुमार शर्मा, वीनू सिंह, अवदेश खटाना एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया तथा संघ के चयनकर्ता नरेश खत्री, सूरज शर्मा लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह, पंकज गोयल आदि ने संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बांटी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए आगे के मैचों की जीत की बधाई दी।

## 5000 के ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**सूरौठ ।** पुलिस अधीक्षक करौली बृजेशज्योति उपाध्याय के निर्देशन में थानाधिकारी सूरौठ महेश चंद्र मीना के नेतृत्व में टीम गठित कर एक साल से फरार 5000 रूपये के ईनामी बदमाश व नाबालिक बालिका को दस्तयाब,किया नाबालिक बच्ची का दो बार अलग-अलग स्थान से अपहरण कर बलात्कार करने वाला मुल्जिम व थाना टोडाभीम जिला गंगापुरसिटी से अपहर्त नाबालिक बालिका को आतंकवादी क्षेत्र श्रीनगर (कश्मीर) से दस्तयाब किया आरोपी प्यारसिंह पुत्र राजेंद्र जाटव उम्र 32 साल निवासी चिम्मनपुरा आलावाडा थाना सूरौठ कों पकड़ने में मुख्य भूमिका कानि अमीरसिंह व कानि रामसहाय की रही ,इस, प्रकार आरोपी को पकड़ने के लिए कांस्टेबल अमीर सिंह रामसहाय,व निरंजन को हमरा लेकर प्राईवेट गाडी से मुल्जिम की लोकेशन के आधार पर श्रीनगर पहुंचे,चूंकि श्रीनगर क्षेत्र मे आतंकवादी घटना होती रहती है, उक्त आतंकवादी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रात्रि के समय श्रीनगर क्षेत्र के लोगों जैसी वेशभूषा बनाकर के मुल्जिम प्यारसिंह के रहने वाले संभावित क्षेत्र लाल चौक, डल झील नूरबाग की रात्रि में रैंकी की। लोकल पुलिस से रात्रि में चिन्हित स्थान पर नूरबाग चौकी पर पहुँचकर इमदाद मांगी तो नूरबाग चौकी बिल्कुल बख्तर बंद थी एक सन्तरी ने बंन्कर के झरौखे मे से बताया कि यह आतंकवादी क्षेत्र है। यहां पर रात्रि शाम 7 बजे के बाद मे किसी भी स्थान पर जाना खतरा से खाली नही है। आप सुबह अव्वल वक्त 9 बजे आना,तब आपको पुलिस इमदाद मिल सकती है,अलसुबह श्रीनगर पुलिस को हमरा लेकर रैकी के आधार पर चिन्हित घर पर जाकर दबिश दी।

## नोडल केन्द्र पर आज से शुरू हुए बोर्ड परीक्षा फार्म जमा होने

**गंगापुर सिटी ।** बोर्ड परीक्षा 2025 के आवेदन पत्र नोडल केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में 7 सितंबर 2०24 से 18 सितंबर 2024 तक जमा किए जाएंगे। नोडल संस्था प्रधान ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि गंगापुर ब्लॉक के राजकीय एवं निजी विद्यालय जिन्होंने बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु छात्रों के आवेदन किए हैं वह समस्त आवेदन मय दस्तावेज नोडल केंद्र पर हार्ड कॉपी 7 सितंबर से 18 सितम्बर तक विद्यालय समय में जमा करवा दे। उन्होने सभी संस्था प्रधानो से निर्धारित तिथि में ही अपने आवेदन पत्र जमा कराने के निर्देश दिए है अन्यथा विलंब होने की स्थिति में संस्था प्रधानो को अपने स्तर से ही फॉर्म बोर्ड कार्यालय में जमा करवाने पडेंगे।


पश्चिम मध्य रेल

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.-आर.जे.-अ.-03092024-256860
असाधारण
भाग II- खण्ड 3-उप-खण्ड,(ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 3415] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 2, 2024/भाद्र 11, 1946

रेल मंत्रालय, पश्चिम मध्य रेलवे, अधिसूचना, कोटा, 13 अगस्त, 2024

का.आ.3745(अ).- केंद्रीय सरकार, रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 की धारा 2 के खंड (37क) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से, सारणी के स्तम्भ (2) मैं उल्लिखित राज्य के नीचे सारणी के स्तम्भ (1) में यथा-उल्लिखित विशेष रेल परियोजना के रूप में निम्नलिखित परियोजना को अधिसूचित करती है।

सारणी

| | परियोजना का नाम | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|
| | (1) | (2) |
| 1. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 113 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 2. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 118 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 3. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 123 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 4. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 126 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 5. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 127 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 6. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य बूंदी जिले में समपार संख्या 128 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 7. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य टोंक जिले में समपार संख्या 141X पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 8. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य सवाई माधोपुर जिले में समपार संख्या 148 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 9. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य सवाई माधोपुर जिले में समपार संख्या 148 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 10. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य करोली जिले में समपार संख्या 200 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 11. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य करोली जिले में समपार संख्या 202 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 12. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य भरतपुर जिले में समपार संख्या 216 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 13. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य भरतपुर जिले में समपार संख्या 217 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 14. | कोटा-मथुरा सेक्शन के मध्य मथुरा जिले में समपार संख्या 260 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | उत्तर प्रदेश |
| 15. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य समपार संख्या-14 कि.मी.-0724/16-18 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | मध्य प्रदेश |
| 16. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य में कुरलासी यार्ड समपार संख्या-58 कि.मी.-0808/16-18 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | मध्य प्रदेश |
| 17. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य में छुहाखेड़ी यार्ड समपार संख्या-72 कि.मी.-0831/18-20 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | मध्य प्रदेश |
| 18. | कोटा-रूठियाई सेक्शन के मध्य में विक्रमगढ़ अलोट - ठुरिया समपार संख्या 21 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 19. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य में विक्रमगढ़ अलोट-ठुरिया समपार संख्या 21 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | मध्य प्रदेश |
| 20. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य ठुरिया-थलावाली में समपार संख्या 28 कि.मी.-0749/28-750/02 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 21. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य चौमहला-नाथुखेरी में समपार संख्या 35 कि.मी.-0764/06-08 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 22. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य सुवासरा-हंसपुरा में समपार संख्या 43 कि.मी.-0779/02-04 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | मध्य प्रदेश |
| 23. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य कुरलासी - भवानीमंडी में समपार संख्या 60 कि.मी.-0811/10-12 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 24. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य भवानीमंडी यार्ड में समपार संख्या 64x कि.मी.-0819/20-22 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान |
| 25. | कोटा-नागदा सेक्शन के मध्य झालावाड यार्ड में समपार संख्या 75 कि.मी.-0836/18-20 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य। | राजस्थान-मध्य प्रदेश |

कम्प्यूटर नं. 260401 फा. सं. ई.-पमरे-कोटा वीआरजीएल(जीसीवीआर)/6/2024-सीई आरएसडब्ल्यू]
सत्य प्रकाश मिश्रा, मुख्य परियोजना प्रबंधक-1

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर